Hummingbird के बारे में अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

Hummingbird किसके लिए है?

हम मैनिटोबा में उन सभी की सहायता करते हैं जिनका शारीरिक या यौन उत्पीड़न हुआ है।

अगर मैं Hummingbird आऊँ, तो क्या आप किसी को बताएँगे?

नहीं। Hummingbird आने की जानकारी किसी को नहीं दी जाएगी। हम आपके परिवार, पुलिस, आप्रवासन विभाग, या आपके समुदाय के किसी भी व्यक्ति को नहीं बताते हैं।

मैं अंग्रेज़ी के अलावा कोई और भाषा बोलता/बोलती हूँ। क्या मैं वहाँ फिर भी आ सकता/सकती हूँ?

हाँ। हम आपके लिए फ़ोन पर या Klinic में आपके साथ रहने के लिए एक दुभाषिए का इंतज़ाम कर सकते हैं।

आप किस तरह से मेरी मदद कर सकते हैं?

यदि आपका यौन या शारीरिक उत्पीड़न हुआ है, तो हम:

- आपकी चोटों की जाँच कर सकते हैं
- आपको गर्भधारण और HIV को रोकने के लिए दवाएँ दे सकते हैं; इन्हें तुरंत दिया जाना आवश्यक है।
- यौन संचारित संक्रमणों की जाँच और इलाज कर सकते हैं
- अगर आप पुलिस को शामिल करना चाहते हैं, तो हम सबूत इकट्ठा कर सकते हैं
- हम आपकी सहायता और आपसे बात करने के लिए किसी को उपलब्ध करा सकते हैं

इन सब विकल्पों का आप चयन कर सकते हैं। हम जो भी सुविधा या विकल्प दे रहे हैं, उसके लिए आप 'हाँ' या 'ना' कह सकते हैं।

अगर मैं कनाडा का/की नागरिक नहीं हूँ, तो क्या होगा?

Hummingbird आने के लिए आपको कनाडा का नागरिक होने, मैनिटोबा हेल्थ कार्डधारक होने, या किसी कानूनी पहचान पत्र की आवश्यकता नहीं है।

मदद के लिए Hummingbird से संपर्क कैसे किया जा सकता है?

संपर्क करने के तीन तरीके हैं:

- ड्यूटी पर मौजूद Hummingbird नर्स को कॉल करें: 204-451-9445
- हमें hummingbird@klinic.mb.ca पर ईमेल करें
- 167 Sherbrook St. स्थित Klinic में सीधे जाएँ और Hummingbird के बारे में पूछें:
    - सोमवार से गुरुवार सुबह 9 बजे से शाम 7:30 बजे तक
    - शुक्रवार सुबह 9 बजे-शाम 4:30 बजे
    - शनिवार सुबह 10 बजे-शाम 4 बजे

आप Klinic के काउंसलर से 24 घंटे इस नंबर पर कॉल करके बात कर सकते हैं: 204-786-8631

टोल-फ़्री 1-888-292-7565